हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 20 .3 डिग्री
न्यूनतम 1.5 डिग्री

10 डिजिटल एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं ...



11 संदिग्ध इलाकों में जाकर जांचे कागजात



## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर

**बिजली कट**

- सुबह 10 से 12 बजे तक
सेक्टर-1, सेक्टर-2, तिलक नगर, शिला बाईपास, तिलयार फीडर, सेक्टर-2 मार्केट, सेक्टर-2-3 पार्ट, माइक्रोन इंडस्ट्री फीडर
- सुबह 9 से 12 तक
ऑफिसर कॉलोनी, पावर हाउस, जाट संस्थान, देव कॉलोनी, विनय नगर, दिल्ली बाईपास फीडर, सेक्टर-14
- सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक
राजीव विहार, सीएम फॉर्म रोड, कच्चा चमारिया रोड, आउटर बाई पास रोड, रामराज नगर

## खबर संक्षेप

### सांपला : वार्ड नंबर 13 से ट्रक चालक गायब

**सांपला।** कस्बे के वार्ड नंबर 13 से एक ट्रक चालक अचानक गायब हो गया। पुलिस ने चालक बिजेंद्र की पत्नी सीमा के बयान पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। वहीं, आसंडा निवासी सीना की सांपला बाईपास से अज्ञात व्यक्ति स्कूटी चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

### 19 को नेकीराम कॉलेज में दौड़ प्रतियोगिता

**रोहतक।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी ने बताया कि 19 जनवरी को विभाग की ओर से 21 वीं खंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन रोहतक शहरी सीडीपीओ द्वारा पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में करवाया जाएगा। यह सुबह 9 बजे शुरू होगी। इसमें 30 वर्ष तक महिलाओं व लड़कियों की 300 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ एवं 5 किमी साइकिल दौड़ करवाई जाएगी। 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, डिस्कस थ्रो तथा 100 मीटर दौड़ होगी।

### बाइक चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात को सुलझाते हुए उसमें शामिल आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान विशाल पुत्र बलराज निवासी जींद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। फिलहाल मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। थाना सिविल लाइन की प्रभारी पीएसआई अंकिता ने बताया कि गांव डीघल निवासी भूपेन्द्र की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था।

### लोक अदालत सदस्य चेतना ने किया ज्वॉइन



**रोहतक।** रोहतक की अधिवक्ता चेतना अरोड़ा ने करनाल में लोक अदालत में बतौर सदस्य कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रणबीर ढाका, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के कोषाध्यक्ष अजय बंसल, रोहतक बार एसोसिएशन के उप प्रधान अजय ओहलयान, परिवारजन व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

---

### 22 वार्डों में सिर्फ 187 सफाई कर्मचारी ही स्थायी

# 1000 लोगों पर सिर्फ एक कर्मी, कैसे होगा शहर चकाचक
## 25 साल में आबादी दो गुणा बढ़ी, लेकिन सफाई कर्मचारी नहीं

विजय अहलावत ⏭ रोहतक

शहर की आबादी में बीते दो दशक में तेजी से इजाफा हुआ है, लेकिन नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की संख्या नहीं बढ़ पाई। नतीजतन, शहर की सफाई व्यवस्था पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में नगर निगम के पास करीब 600 सफाई कर्मचारी हैं, जिनके जिम्मे शहर की सभी प्रमुख सड़कों सहित 22 वार्डों की कॉलोनियों की सफाई व्यवस्था है। बढ़ती आबादी और फैलते शहर के मुकाबले यह संख्या बेहद कम मानी जा रही है। जबकि शहर की आबादी छह लाख के आसपास तक जा पहुंची है। इन हालात में एक हजार लोगों पर केवल एक सफाई कर्मचारी मौजूद है।




### हाउस मीटिंग में उठ चुका मुद्दा

पार्षद नगर निगम हाउस की बैठकों में कई बार सफाई कर्मचारियों की कमी का मुद्दा उठा चुके हैं। पार्षदों का कहना है कि वार्डों में सफाई कार्य सही ढंग से नहीं हो पाता। इसकी वजह से लोग काफी शिकायतें करते हैं।

### 413 कर्मी लंबे समय से दे रहे हैं अस्थायी सेवाएं

हैरानी की बात यह है कि कुल 600 सफाई कर्मचारियों में से सिर्फ 187 ही स्थायी नियुक्ति पर कार्यरत हैं, जबकि 413 कर्मचारी लंबे समय से अस्थायी तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। सफाई कर्मचारी यूनियनें कई बार आंदोलन कर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने की मांग उठा चुकी हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

### हर वार्ड में 20 से ज्यादा कर्मियों की जरूरत

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, शहर में नए सेक्टर, कॉलोनियां और व्यावसायिक क्षेत्र विकसित हो चुके हैं, लेकिन कर्मचारियों की संख्या कई सालों से लगभग स्थिर बनी हुई है। प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार सफाई कर्मचारी उपलब्ध नहीं हो पा रहे, जिससे नियमित सफाई प्रभावित हो रही है। कई इलाकों में कूड़ा समय पर नहीं उठने, नालियों की सफाई न होने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी की शिकायतें सामने आ रही हैं। पार्षदों को हर वार्ड में 20 से ज्यादा सफाई कर्मचारियों की जरूरत है। लेकिन उन्हें पर्याप्त कर्मचारी नहीं मिल पा रहे।

### 2010 में कांग्रेस सरकार ने किया था निगम घोषित

रोहतक को 17 मार्च, 2010 को नगर परिषद से नगर निगम घोषित किया गया था, जिसके बाद से यह नगर निगम के रूप में कार्य कर रहा है। यह हरियाणा के शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबीएस) के तहत एक प्रमुख शहरी इकाई है जो शहर के प्रशासन और विकास के लिए जिम्मेदार है, जिसमें अब 22 वार्ड शामिल हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने नोटिफिकेशन जारी करके नगर परिषद रोहतक को भंग करके नगर निगम का दर्जा दिया था। साथ ही साथ लगते आठ गांवों बोहर, बलियाना, गढ़ी बोहर, खेड़ी साध, पहरावर, कन्हेली, सुनारिया खुर्द व कलां को नगर निगम में शामिल किया था।

### 6 लाख के आसपास पहुंची जनसंख्या

2001 में रोहतक शहर की कुल जनसंख्या 294577 थी। सन 2005 में जनसंख्या 327000 थी, जो बढ़कर 2011 में 373133 हो गई। 2020 में सिटी की जनसंख्या करीब 467000 थी। रिकार्ड में जनसंख्या 545000 से ज्यादा है। लेकिन वास्तव में जनसंख्या छह लाख के आसपास पहुंच चुकी है।

### कूड़ा कलेक्शन का टेंडर

नगर निगम ने हाल ही में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का टेंडर जारी किया है। यह टेंडर पांच साल के लिए किया गया है, जिसके तहत 22 वार्डों में करीब 200 वाहन लगाए गए हैं। हर घर से कूड़ा भिवानी रोड पर भिजवाया जाता है।

---

### रूस भेजने का झांसा देकर युवक से ठगे 10 लाख, आरोपी दुबई में करता है काम

# म्यांमार में बंधक बना, रोज 20 घंटे काम करवाया, डेढ़ माह बाद रेस्क्यू

**धोखा:** सितंबर 2024 में यूरोप भेजने के सपने दिखाकर फर्जीवाड़ा | **उत्पीड़न:** जबरन काम कराया मानसिक-शारीरिक शोषण किया

*नदी पार कर म्यांमार बॉर्डर पर चीनी नागरिक के हवाले कर दिया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

विदेश भेजने के नाम पर युवाओं से ठगी और उन्हें बंधक बनाए जाने का एक गंभीर मामला रोहतक से सामने आया है। रूस और यूरोप भेजने का झांसा देकर रोहतक निवासी युवक को पहले थाईलैंड और फिर म्यांमार ले जाकर बंधक बना लिया गया। इस दौरान युवक से जबरन काम कराया गया और मानसिक व शारीरिक शोषण किया गया। म्यांमार आर्मी द्वारा रेस्क्यू किए जाने के बाद युवक भारत लौटा, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, अंकुश ने बताया की नदी पार कर म्यांमार बॉर्डर पर चीनी नागरिक के हवाले कर दिया था।



### दिल्ली निवासी महावीर के खिलाफ केस दर्ज

साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित अंकुश की शिकायत के आधार पर दिल्ली निवासी महावीर के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने 10 लाख रुपये की ठगी की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अन्य देशों के 250 लोग भी चंगुल में फंसे हुए

अंकुश ने बताया कि वहां उससे प्रतिदिन करीब 20 घंटे तक काम कराया जाता था। न तो उसे कोई वेतन दिया गया और न ही बाहर जाने की इजाजत थी। वह करीब डेढ़ महीने तक चीनी लोगों के कब्जे में रहा। वहां भारत समेत अन्य देशों के करीब 250 लोग इसी तरह फंसे हुए थे।

### 2024 में इंस्टाग्राम पर भीम से बातचीत हुई

पीड़ित अंकुश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दुबई स्थित एक कंपनी लिंक लैंड जनरल ट्रेडिंग में सेल्स और परचेज का कार्य करता था। नवंबर 2024 में उसकी इंस्टाग्राम के माध्यम से भीम नामक व्यक्ति से बातचीत हुई। भीम ने खुद को हरियाणा के कैथल का निवासी बताया और कहा कि वह फिलहाल फ्रांस में रह रहा है।

### अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई

अंकुश ने बताया कि दिसंबर 2024 में महावीर ने उसे फोन कर यूरोप भेजने के लिए 10 लाख रुपये की मांग की। आरोपी के झांसे में आकर अंकुश ने महावीर द्वारा बताए गए अलग-अलग बैंक खातों में पूरी रकम ट्रांसफर कर दी। कुछ दिन बाद महावीर ने उसे रूस का टूरिस्ट वीजा और टिकट भेज दिया, लेकिन न तो रिटर्न टिकट दिया और न ही होटल बुकिंग की जानकारी साझा की।

### म्यांमार आर्मी ने कराया रेस्क्यू

करीब डेढ़ महीने बाद म्यांमार आर्मी ने कार्रवाई करते हुए उस इलाके में छापा मारा और सभी बंधकों को मुक्त कराया। इसके बाद अंकुश को भारत डिपोर्ट कर दिया गया। भारत लौटने के बाद उसने पूरी घटना पुलिस को बताई।

**युवाओं के लिए चेतावनी:** यह मामला उन युवाओं के लिए चेतावनी है, जो सोशल मीडिया के जरिए विदेश जाने के सपने देखते हैं। पुलिस ने अपील की है कि विदेश भेजने के नाम पर किसी भी अनजान व्यक्ति को पैसे न दें और पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही कोई कदम उठाएं।

---

# कामाख्या के लिए 20 से पहली ट्रेन, दोपहर 12 बजे चलेगी

### पूर्वोत्तर जाने वालों को फायदा, 41 घंटे में तय होगा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रोहतक से कामाख्या (गुवाहाटी) के लिए एक विशेष एकतरफा ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार ट्रेन संख्या 05672 रोहतक-कामाख्या अमृत भारत स्पेशल का संचालन 20 जनवरी (मंगलवार) को किया जाएगा। यह ट्रेन विशेष रूप से त्योहारों और अवकाश के दौरान बढ़ी हुई यात्री संख्या को ध्यान में रखकर चलाई जा रही है। रेलवे के अनुसार यह ट्रेन रोहतक जंक्शन से दोपहर 12 बजे प्रस्थान करेगी और लगभग 41 घंटे की यात्रा के बाद कामाख्या पहुंचेगी। ट्रेन की औसत गति 47.26 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी और कुल दूरी 1938 किलोमीटर तय करेगी।



यह गाड़ी दिल्ली जंक्शन, गाजियाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, छपरा, बरौनी, कटिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार और न्यू बोंगाईगांव जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे उत्तर भारत से पूर्वोत्तर की यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक इस स्पेशल ट्रेन में अमृत भारत रैक का उपयोग किया जाएगा, जिसमें कुल 22 कोच होंगे। इनमें स्लीपर, सामान्य और लगेज कोच शामिल रहेंगे, ताकि सभी वर्गों के यात्रियों को सुविधा मिल सके।

# कुत्तों की मौत मामला : घटना स्थल पर पहुंची जांच टीम, साक्ष्य जुटाए

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा द्वारा गठित समिति ने जेल रोड का दौरा कर कुत्तों की मौत के बारे में जानकारी जुटाई। आयुक्त द्वारा रोहतक के एसडीएम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो इस घटना की सात दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। समिति द्वारा कुत्तों की मौत का कारण, जिम्मेदारी तय करना, फर्म के कार्य में कमी ढूंढना तथा ऐसी घटना की भविष्य में पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुझाव दिए जाएंगे। समिति में उपमंडलाधीश के अतिरिक्त पशुपालन विभाग एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक, खिड़वाली स्थित राजकीय पुश अस्पताल के वेटरीनरी सर्जन डॉ. कपिल, स्थानीय गौकर्ण स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के वेटरीनरी सर्जन डॉ. संजय बल्हारा तथा नगर निगम के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक शामिल है।



---

# पनीर उठाकर खाने से मना किया तो दुकान में तोड़फोड़

**रोहतक।** शहर के व्यस्त पालिका बाजार के सामने सिविल रोड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दही-लस्सी-पनीर की एक दुकान पर मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। पनीर उठाकर खाने से मना करने पर 8 से 10 युवकों ने न केवल दुकान में जमकर तोड़फोड़ की, बल्कि दुकानदार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद दुकान संचालक चिराग ने आर्य नगर थाना पुलिस को शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पालिका बाजार के सामने सिविल रोड पर 8-10 युवकों ने की वारदात

पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। दुकान संचालक चिराग की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### आईआईएम रोहतक को खेल प्रबंधन में राष्ट्रीय सम्मान

**रोहतक।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक ने सर्वश्रेष्ठ सरकारी प्रबंधन संस्थान (खेल प्रबंधन) का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल स्पोर्ट्स एजुकेशन कन्वेंशन 2026 में प्रदान किया गया है। पुरस्कार की घोषणा 15 जनवरी को की गई थी। सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय समर्थित इस कार्यक्रम में देश के शीर्ष 100 संस्थानों का कड़ा मूल्यांकन किया गया।

# खेत में शराब पीने से रोका तो दो भाइयों पर युवकों ने जेली-कुल्हाड़ी से किया हमला

*अधमरी हालत में छोड़ा, वीडियो बनाने पर भड़के, घर में घुस कर मां से की धक्का-मुक्की*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

लाखनमाजरा ब्लॉक के गांव खरक जाटयान में खेत में नहरी पानी लगाने गए दो सगे भाइयों पर शराब के नशे में धुत युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। दोनों युवक वही बैठकर शराब पर रहे थे। जब उन्हें रोका तो उन्होंने जेली और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए।

### बेरहमी से किया वार

पीड़ित ने बताया कि प्रदीप ने उसका रास्ता रोककर सिर पर जेली से वार किया। अनिल ने चेहरे पर जेली से हमला किया, जबकि सुमित ने कुल्हाड़ी से सिर पर जोरदार वार किया। अचानक हुए हमले से मंजीत मौके पर ही गिर पड़ा। बचाने आए भाई जयदीप के साथ भी मारपीट की गई। हमले में मंजीत के सिर और चेहरे से लगातार खून बहने लगा। दोनों भाई गंभीर रूप से घायल होकर खेत में ही गिर पड़े। खून से सना शरीर देखकर आरोपी यह मान बैठे कि दोनों की मौत हो चुकी है और वे मौके से फरार हो गए। कुछ समय बाद जयदीप को होश आया। उसने हिम्मत जुटाकर डायल 112 पर कॉल की और पुलिस को घटना की सूचना दी।

### हालत नाजुक, पीजीआई रेफर

घायल मंजीत को पहले सीएचसी लाखनमाजरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल रोहतक रेफर किया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रेफर कर दिया। मंजीत के सिर और चेहरे पर कई टांके लगे हैं और उसका इलाज अभी जारी है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमला करने के बाद आरोपी उनके घर पहुंचे। वहां उसकी मां के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की गई। पीड़ितों की शिकायत के आधार पर सात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

---

### अभी खुले रजवाहे के सहारे जलघर तक जाता है पानी, जल्द बिछाई जाएगी पाइपलाइन

# रजवाहे को मिली प्रशासनिक मंजूरी: अब जेएलएन नहर से जलघर-1 तक सीधे पहुंचेगा स्वच्छ पानी, 80 से अधिक कॉलोनियों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत और स्वच्छ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) नहर से मानसरोवर पार्क स्थित जलघर-1 तक सीधी पाइपलाइन बिछाने की परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति (एडमिन अप्रूवल) मिल गई है। अधिकारियों के अनुसार जल्द ही टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस योजना के पूरा होने से नहर का पानी बिना रुकावट व गंदगी के सीधे जलघर पहुंचेगा। अब तक जेएलएन नहर का पानी खुले रजवाहे से जलघर तक पहुंचता था। इस दौरान रास्ते में मिट्टी, कचरा, पत्ते और अन्य गंदगी पानी में मिल जाती थी। इसी वजह से फिल्टर प्लांट पर अतिरिक्त दबाव पड़ता था और मटमैला पानी पहुंचने की शिकायतें आती थीं। नई योजना के तहत बड़े व्यास की मजबूत पाइपलाइन जमीन के अंदर बिछाई जाएगी।

### पानी में गंदगी की मात्रा कम होगी



रोहतक। इस रजवाहे का होगा निर्माण।

मानसरोवर पार्क स्थित जलघर-1 शहर का सबसे पुराना और महत्वपूर्ण जलघर है, जिसकी क्षमता लगभग 2,120 लाख लीटर पानी की है। वर्ष 1932 में बने इस जलघर से वर्तमान में 80 से अधिक कॉलोनियों में पेयजल सप्लाई की जाती है। इनमें पुराना शहर, मॉडल टाउन, सेक्टर क्षेत्र और आसपास की कई घनी आबादी वाली कॉलोनियां शामिल हैं। पाइपलाइन परियोजना पूरी होने के बाद इन सभी क्षेत्रों के हजारों परिवारों को स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि बंद पाइपलाइन से पानी आने के कारण फिल्टर प्लांट में गंदगी की मात्रा काफी कम हो जाएगी। इससे केमिकल ट्रीटमेंट की जरूरत घटेगी और मशीनों की लाइफ भी बढ़ेगी। इससे पानी की गुणवत्ता में सुधारेगी।

- जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य
- परियोजना की तकनीकी रूपरेखा तैयार कर ली गई
- टेंडर प्रक्रिया पूरी होते पाइप बिछाने का कार्य शुरू होगा
- प्रशासन का लक्ष्य तय समय में काम पूरा कर शहरवासियों को लाभ दिया जाए।

### मुख्यालय से मंजूरी मिली

मुख्यालय से इसे मंजूरी मिल चुकी है, इसकी डीपीआर तैयार कर चंडीगढ़ भेजी गई थी। ऐसे में अब जल्द ही इस कार्य की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। ताकि जल्द से जल्द इस कार्य को करवाया जा सकें। रास्ते में मिट्टी, कचरा, पत्ते और अन्य गंदगी पानी में मिल जाती थी, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित होती थी। लेकिन अब सीधे पाइपलाइन के माध्यम से पानी जलघर में पहुंचेगा। ताकि पानी की बर्बादी भी न हो।

**शिवराज सिंह, अधीक्षण अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग**

### जल संरक्षण और स्वास्थ्य के लिए अहम कदम

खुले माध्यम से आने वाले पानी में कई बार बैक्टीरिया पनपने का खतरा रहता है, जो बीमारियों का कारण बनता है। नई व्यवस्था से यह खतरा लगभग समाप्त हो जाएगा। गर्मी के मौसम में भी पानी की बर्बादी रुकेगी और प्रेशर बेहतर रहेगा। स्थानीय निवासियों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से स्वच्छ पानी की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होती नजर आ रही है।



### एमडीयू को बेस्ट इंस्टीट्यूशन फॉर स्पोर्ट्स परफॉर्मेंस एंड अचीवमेंट्स अवॉर्ड से नवाजा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) को वर्ष 2026 के लिए नेशनल रैंकिंग अवॉर्ड्स इन स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशन के अंतर्गत बेस्ट इंस्टीट्यूशन फॉर स्पोर्ट्स परफॉर्मेंस एंड अचीवमेंट्स के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत किया गया। यह अवॉर्ड एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने प्राप्त किया। यह भव्य सम्मान समारोह 15 जनवरी को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित ग्लोबल स्पोर्ट्स एजुकेशन कन्वेंशन (जी एसईसी 2026) के दौरान संपन्न हुआ। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शुक्रवार को कुलसचिव डॉ कृष्णकांत और खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल को सौंपते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मान एमडीयू के लिए न केवल गौरव का विषय है। मौके पर प्रो. एके राजन, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल, निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया, पीआरओ पंकज नैन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




महम। कार्यक्रम के ट्रेलर की तस्वीर।

### जनता टीवी पर जलभराव की समस्या पर कार्यक्रम आज

**महम।** बारिश का मौसम गए कई महीने बीत गए हैं, लेकिन अब भी महम के कई गांवों में बारिश का पानी जमा है। कहीं पानी नहीं है तो जमीन दलदल है। जिस वजह से खेतों में गेहूं की बिजाई नहीं हो सकी। इस मुद्दे को हरिभूमि समाचार पत्र ने भी प्रमुखता से उठाया था। अब जनता टीवी ने इस विषय पर एक खास कार्यक्रम तैयार किया है। जनता टीवी के सलाहकार संपादक किसानों की इस समस्या की कवरेज करने दिल्ली से महम के भैणी भैरों गांव पहुंचे थे। किसानों के इस दर्द को शनिवार रात 8:30 बजे जनता टीवी न्यूज चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। रविवार शाम को सात बजे इस कार्यक्रम का पुनः प्रसारण किया जाएगा।

### प्रतियोगिता में परवीन और मनु रहे प्रथम

रोहतक। राजकीय महाविद्यालय जसिया में सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम सरस्वती नदी रही। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं डिक्लेमेशन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें परवीन कुमार एवं मनु ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जोगिंदर सिंह एवं कुलदीप की ओर से प्रो. राजकुमार सिवाच के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

### सरस्वती सिर्फ नदी ही नहीं हमारी संस्कृति भी

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने सरस्वती नदी के महत्व पर व्याख्यान देते हुए कहा कि सरस्वती सिर्फ एक नदी नहीं है बल्कि ज्ञान और इश की देवी है हमारे संस्कृति का पालना है। क्विज व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज स्पर्धा में छात्र तुषार व भाषण स्पर्धा में छात्रा दीपांशी प्रथम स्थान पर रही। निर्णायक मंडल के सदस्यों डॉ. राजेश दहिया, डॉ. मनीष हुड्डा, डॉ. प्रवीण गोयल ने निष्पक्ष निर्णय देते हुए विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

---

मदवि में कला संगम

## रचनात्मकता और देशभक्ति एक साथ

रोहित डागर ▶▶ रोहतक

*महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के दृश्य कला विभाग में इन दिनों रचनात्मक ऊर्जा और देशभक्ति का माहौल है। गणतंत्र दिवस विभाग के विद्यार्थियों की ओर से भारत माता विषय पर आधारित लगभग 500 वर्ग फुट के एक विशाल चित्र को टैगोर सभागार में प्रदर्शित किया जाएगा। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय ने दावा किया कि 500 वर्ग फुट की भारत माता की पेंटिंग पूरे देश में नहीं बनी है। पेंटिंग पिछले बीस दिनों से बनाई जा रही है। पेंटिंग को बनाने में डॉ. संजय व आठ विद्यार्थी दिन में 12 घंटे काम रहे है।**यह पेंटिंग विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में बनाई जा रही है।***





रोहतक। एमडीयू में पेंटिंग बनाते डॉ. संजय व विद्यार्थी व गणतंत्र दिवस पर टैगोर सभागार में प्रदर्शित कटआउट। फोटो : हरिभूमि

### युवाओं में सकारात्मक सोच लाना लक्ष्य

यह विशाल चित्रकृति न केवल विश्वविद्यालय परिसर बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विभाग की एक नई और मजबूत पहचान बनाएगी। डॉ. संजय ने बताया कि इस पहल का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में सकारात्मक सोच का विकास करना, देशभक्ति, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को सुदृढ़ करना है। इसका अनावरण कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के कर कमलों से किया जाएगा।

### सांस्कृतिक वातावरण समृद्ध होगा

यह चित्रकृति समारोह में एक सशक्त सांस्कृतिक एवं कलात्मक योगदान के रूप में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक वातावरण को और अधिक समृद्ध करेगी। हर बार गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस पर कुछ स्पेशल पेंटिंग बनाते है। पिछले गणतंत्र दिवस पर सभी राष्ट्रपतियों के बडे कटआउट बनाए थे। इसमें नेचुरल रंग, मैकेनिक रंग, गोल्ड रंग व अन्य रंगों का प्रयोग किया जा रहा।

### 500 वर्ग फुट की पेंटिंग होगी प्रदर्शित

डॉ. संजय ने बताया कि यह 500 वर्ग फुट पेंटिंग 18 बाय 35 की है। इस विशाल चित्रकृति के निर्माण में 8 विद्यार्थी प्रिंस, राहुल, जतिन, भारत, आनंद, मनीष, जतिन एवं गुलशन सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहे हैं। पूरा प्रोजेक्ट एक माह का है। इसमें पहले हमने स्केच बनाए। पेंटिंग को बनाने में दिन में 12 घंटे काम रहे है। उन्होंने बताया अगले सप्ताह यह समय बढ़कर 15 घंटे का हो जाएगा। यह पेंटिंग 25 जनवरी तक बनकर तैयार हो जाएगी।

---

ऑनलाइन ठगी का मकड़जाल : अलग-अलग तरीकों से 35 करोड़ ठगे

## एक साल में 580 केस, 360 सुलझ पाए, पीड़ितों को 15 करोड़ लौटाए

*फर्जी ट्रेडिंग एप, केवाईसी अपडेट, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रेंडशिप और फर्जी लोन एप के जरिये बना रहे निशाना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डिजिटल युग में जहां ऑनलाइन सुविधाओं ने लोगों की जिंदगी आसान बना दी है, वहीं साइबर अपराधियों ने इसे ठगी का सबसे बड़ा जरिया बना लिया है। जिले में बीते एक साल के दौरान ऑनलाइन ठगी के करीब 580 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में ठगों ने अलग-अलग तरीकों से करीब 35 करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया। हालांकि राहत की बात यह है कि साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 360 मामलों को सुलझाया और करीब 15 करोड़ रुपये की राशि पीड़ितों को वापस दिलवाई।

### किन तरीकों से हो रही है ठगी

जिले में सामने आए मामलों की जांच करने पर पता चला है कि साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले फर्जी ट्रेडिंग ऐप, केवाईसी अपडेट, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रेंडशिप और फर्जी लोन ऐप से जुड़े हुए हैं। ठग पहले भरोसा जीतते हैं और फिर धीरे-धीरे खातों की जानकारी या ओटीपी हासिल कर लेते हैं। कई मामलों में पीड़ित खुद ही लालच में आकर अपनी मेहनत की कमाई ठगों को सौंप देते हैं।

### हर दिन औसतन 1 से 2 लोग ठगी का शिकार



पुलिस आंकड़ों के अनुसार, जिले में रोजाना औसतन एक से दो लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। ठग कभी खुद को बैंक अधिकारी बताकर, तो कभी निवेश के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। कई मामलों में पीड़ितों को खाते से पैसे कट जाने के बाद ही पता चलता है।

### पुलिस ने दिखाई सक्रियता

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने समय रहते कई मामलों में कार्रवाई कर ठगों के खातों को फ्रीज कराया। पुलिस की तत्परता के कारण 580 में से 360 मामलों को सुलझाया गया। इन मामलों में करीब 15 करोड़ रुपये की राशि पीड़ितों को वापस दिलवाई जा चुकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि ठगी की सूचना समय पर दी जाए तो पैसे वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

### बुजुर्ग ज्यादा हो रहे शिकार

पुलिस के अनुसार, ऑनलाइन ठगी के शिकार होने वालों में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग और बुजुर्गों की संख्या ज्यादा है। डिजिटल जानकारी की कमी के कारण वे ठगों की बातों में आसानी से आ जाते हैं। इसे देखते हुए पुलिस द्वारा गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई जा रही है।

### लालच ही ठगों का सबसे बड़ा हथियार

*अधिक मुनाफा, जल्दी पैसा कमाने या आसान लोन के लालच में लोग अक्सर अपनी निजी जानकारी साझा कर देते हैं। यही ठगों का सबसे बड़ा हथियार है। पुलिस का कहना है कि अगर ऑफर ज्यादा अच्छा लग रहा है, तो वह ठगी भी हो सकता है।*

### ऑनलाइन ठगी के तरीके

- फर्जी ट्रेडिंग और शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का झांसा
- केवाईसी अपडेट के नाम पर कॉल या लिंक भेजना
- ओटीपी मांगकर खाते से रकम निकालना
- सोशल मीडिया पर दोस्ती कर भावनात्मक ठगी
- फर्जी लोन ऐप डाउनलोड कराकर ब्लैकमेल करना
- नौकरी दिलाने के नाम पर रजिस्ट्रेशन फीस लेना

### ठगी होने पर क्या करें

- तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें
- साइबर क्राइम पर शिकायत दर्ज करें
- बैंक को तुरंत सूचना देकर खाता फ्रीज कराएं
- मोबाइल, मैसेज व कॉल डिटेल सुरक्षित रखें
- नजदीकी साइबर क्राइम थाने में शिकायत दें

### देरी करने पर बढ़ जाती है मुश्किल

कई पीड़ित शर्म या जानकारी के अभाव में ठगी की शिकायत देर से करते हैं। इसका फायदा ठग उठा लेते हैं और पैसे कई खातों में ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे मामलों में रकम वापस लाना बेहद मुश्किल हो जाता है।

### ठगी से कैसे बचें रहें सतर्क

पुलिस और साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि थोड़ी सी सतर्कता बरतकर ऑनलाइन ठगी से बचा जा सकता है। लोगों को किसी भी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

### जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार

साइबर क्राइम थाना पुलिस का कहना है कि ऑनलाइन ठगी से बचने का सबसे मजबूत तरीका जागरूकता है। लोग जितने सतर्क होंगे, ठग उतने ही असफल होंगे। सोशल मीडिया पर अजनबियों से जानकारी साझा न करें।

### बचने के जरूरी टिप्स

- कभी भी ओटीपी, पिन या पासवर्ड साझा न करें
- अनजान लिंक पर क्लिक न करें
- सोशल मीडिया पर अजनबियों से निजी जानकारी साझा न करें
- बैंक या पुलिस कभी फोन पर जानकारी नहीं मांगती
- फर्जी एप डाउनलोड करने से बचें
- निवेश से पहले कंपनी की पूरी जांच करें

---

## प्रधाना मोहल्ला में दूषित पानी से पेट व त्वचा संबंधी रोग बढ़े

*कई दिनों से गंदा पानी आ रहा, समाधान नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गोहाना अड्डा के आसपास के एरिया में दूषित पेयजल की सप्लाई अभी भी थमी नहीं है। कुछ दिन साफ पानी आता है, इसके बाद फिर से दूषित पेयजल की सप्लाई आने लगती है। कई जगह तो एक समय ही सप्लाई आ रही है। सलारा मोहल्ला के बाद प्रधाना मोहल्ला के भी यही हाल हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सर्दियों के मौसम में यह हाल है तो आने वाले गर्मी के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। दूषित पानी के कारण लोगों को पीने, खाना बनाने और दैनिक जरूरतों के लिए पानी बाहर से खरीदना पड़ रहा है। इससे आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है।

### 35 साल पुरानी पाइपलाइन

पुराने शहर क्षेत्र में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा करीब 30 से 35 साल पहले पेयजल पाइपलाइन डाली गई थी, जो अब कई जगह से पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा सीवर लाइन के ओवरफ्लो होने के कारण गंदगी पेयजल की पाइपलाइन में मिल जाती है। पुरानी पाइपलाइनों को बदलकर नई लाइन नहीं डाली जाती, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

### नलों से आता है बदबूदार और गंदा पानी



प्रधाना मोहल्ला निवासी लक्ष्मण ने बताया कि पिछले कई महीनों से पानी की शिकायत की जा रही है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। नलों से बदबूदार और गंदा पानी आता है।

### जन स्वास्थ्य विभाग को दी शिकायत



सतीश ने बताया कि कई बार जन स्वास्थ्य विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन अधिकारी केवल अस्थायी तौर पर लाइन की सफाई करवा कर चले जाते हैं फिर वही समस्या दोबारा खड़ी हो जाती है।

### बच्चों और बुजुर्गों के बीमार पड़ने का खतरा



सुरेंद्र ने कहा कि दूषित पानी की वजह से बच्चों और बुजुर्गों के बीमार पड़ने का खतरा बना हुआ है। कई घरों में पेट और त्वचा से जुड़ी बीमारियां सामने आ रही हैं।

---

## पीजीआई के पूर्व प्रोफेसर डॉ. मोहिंद्र सिंह का निधन, अंतिम संस्कार आज



**रोहतक।** पीजीआईएमएस के पूर्व प्रोफेसर डॉ. मोहिंद्र सिंह निवासी सेक्टर 35 सनसिटी का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शीला बाईपास स्थित रामबाग श्मशान घाट में किया जाएगा। उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। जिनमें पीजीआईएमएस के पूर्व प्रोफेसर डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. वंदना सांगवान और हरदीप सिंह हैं। डॉ. हरप्रीत सिंह इस समय कायनोस अस्पताल में कार्यरत हैं। डॉ. मोहिंद्र सिंह के निधन पर डॉक्टर्स सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

---

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और वैश्विक निर्णय प्रक्रिया विषय पर दिया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत इंस्टिट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिस्म का कांफ्रेंस हाल में शुक्रवार को कुलपति विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। न्यूयॉर्क स्थित सिक्योरिटी काउंसिल रिपोर्ट (एससीआर) के पॉलिसी एनालिस्ट तथा संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन से पूर्व में जुड़े रहे गौरव रेडहाल ने बतौर मुख्य वक्ता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और वैश्विक निर्णय प्रक्रिया विषय पर यह व्याख्यान दिया। दुनिया से जुड़े अहम फैसले किस तरह सुरक्षा परिषद में प्रक्रियाओं, एजेंडा निर्धारण और राजनीतिक संतुलन के बीच तय होते हैं।



रोहतक। इंस्टिट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिस्म में विद्यार्थियों के साथ मुख्य वक्ता गौरव रेडहाल व एमडीयू की प्रथम महिला एवं भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर। फोटो : हरिभूमि

### मसौदा प्रस्ताव तैयार करने की भूमिका पर दी जानकारी

रेडहाल ने कहा कि वीटो अधिकार के कारण कई बार व्यापक समर्थन के बावजूद प्रस्ताव पारित नहीं हो पाते, जिससे अंतरराष्ट्रीय संकटों पर कार्रवाई प्रभावित होती है। उन्होंने परिषद की अध्यक्षता और मसौदा प्रस्ताव तैयार करने की भूमिका पर भी जानकारी दी। एमडीयू की प्रथम महिला एवं भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर ने मूल्य आधारित नेतृत्व और समावेशी सोच पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि नेतृत्व केवल पद या अधिकार का नाम नहीं है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक है।

### कंसाला के 143 में से 26 पशुओं में खनिज की कमी पाई

**रोहतक।** पशुपालन विभाग द्वारा पशु सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को गांव कंसाला स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 143 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में डॉ. जगबीर मलिक, डॉ. अनुपमा एवं डॉ. वैभव ने पशुओं का स्वास्थ्य जांचा। जांच में 26 पशुओं में खनिज (मिनरल) की कमी पाई गई। जिनका मौके पर ही उचित उपचार कर खनिज अनुपूरण दिया गया। इसके अलावा पशुओं को कृमिनाशक दवाइयां प्रदान की गईं तथा आवश्यकतानुसार अन्य औषधीय उपचार भी किए गए। कुछ पशुओं के खून के नमूने जांच के लिए एकत्र कर लैब भेजे गए। ताकि बीमारी का सही समय पर पता लगाया जा सके। प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत 29 पशुओं का प्रजनन उपचार किया गया। कार्यक्रम में पशुपालकों को खनिज कमी के लक्षण, संतुलित आहार, नियमित कृमिनाशक, टीकाकरण, पशु स्वच्छता की जानकारी दी गई।

### स्टार्टअप इंडिया व फंडिंग के विभिन्न विकल्पों के बारे में बताया

**रोहतक।** दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) में शुक्रवार को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सहयोग से स्टार्ट-अप इकोसिस्टम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के परामर्शदाता डॉ. आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं में उद्यमशीलता की भावना जागृत करना था। विशेषज्ञों ने स्टार्टअप इंडिया, डीपीआईआईटी मान्यता और फंडिंग के विभिन्न विकल्पों जैसे एंजेल निवेश और सरकारी अनुदानों पर विस्तृत जानकारी दी। कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा कि वर्तमान दौर में विश्वविद्यालयों को केवल शिक्षा तक सीमित न रहकर नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बनना चाहिए। सत्र के दौरान भारत सरकार के अतिरिक्त नियंत्रक (पेटेंट) अरुणेन्द्र सिंह, महिमा सिंह और यासिर अब्बास जैदी ने पेटेंट फाइलिंग और डिजाइन संरक्षण के व्यावहारिक पहलुओं को समझाया। कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

---

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरी कार्रवाई में एक गाड़ी से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है। थाना पुरानी सब्जी मंडी के प्रभारी उप निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि पीएसआई विकास के नेतृत्व में पुलिस टीम तेज कॉलोनी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर तेज कॉलोनी के नजदीक कबीर पार्क के पास एक गली में संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से अलग-अलग ब्रांड की कुल 35 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। पकड़े गए युवक की पहचान सतीश उर्फ गुली पुत्र राजकुमार निवासी तेज कॉलोनी के रूप में हुई है। दूसरी कार्रवाई थाना कलानौर क्षेत्र में की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी शहर कलानौर की टीम, सहायक उप निरीक्षक दीनबंधु के नेतृत्व में गुढाण मोड़ कलानौर के पास गश्त पर थी। इसी दौरान गुढाण की तरफ से आ रही एक कार की पुलिस टीम ने तलाशी ली तो उसमें अलग-अलग ब्रांड की कुल 19 पेटी अवैध शराब बरामद हुई।

## हरियाणा ने जीती नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता

**रोहतक।** हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 69वीं नेशनल स्कूल कबड्डी चैंपियनशिप जीती। यह प्रतियोगिता 12 से 16 जनवरी तक पानीपत में आयोजित की गई। डॉक्टर जनक राज ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली को 43-32 से हराया। कबड्डी विशेषज्ञ एवं डीपीई सुनील ने बताया कि हरियाणा की अंडर-19 टीम ने प्रत्येक मुकाबले में आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ खेलते हुए दर्शकों और चयनकर्ताओं को खासा प्रभावित किया। इस ऐतिहासिक जीत में निखिल, हर्ष, लोकेश, वंश, अनिकेत, ललित, ध्रुव दलाल, साहिल, अजय, सचिन, मोहित और गौरव ने निर्णायक भूमिका निभाई, खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास और रणनीतिक खेल ने हरियाणा को खिताब तक पहुंचाया। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने विजेता टीम को बधाई दी। अधिकारियों ने कहा कि यह जीत न केवल खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि हरियाणा में खेलों को मिल रहे सशक्त प्रशिक्षण और प्रोत्साहन का भी प्रमाण है।



रोहतक। खिलाड़ी अपने ट्रॉफी के साथ।

---

जानकारी लघु सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई

## डिजिटल एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं में मॉडल बनकर उभरा जिला : डीसी

*स्वास्थ्य परिणामों में मापनीय सुधार सुनिश्चित करने के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि रोहतक जिला डिजिटल एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए एक मॉडल जिला के रूप में उभर रहा है। उपचार-केंद्रित व्यवस्था से आगे बढ़ते हुए अब जिला में स्वास्थ्य आश्वासन की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक नागरिक को गरिमा, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। ई-हेल्थ रोहतक और निरोगी रोहतक जैसी पहलें इसी जन-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत एवं अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को समयबद्ध क्रियान्वयन एवं जिला में स्वास्थ्य परिणामों में मापनीय सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



रोहतक। लघु सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

उन्होंने आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी के सृजन एवं लिंकिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुदृढ़ करने के लिए मरीजों का पंजीकरण आभा आईडी के माध्यम से सुनिश्चित करने पर बल दिया।

डीसी ने कहा कि प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों की निगरानी एवं परिणाम-आधारित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक माह 360-डिग्री स्वास्थ्य समीक्षा की जाएगी। उन्होंने योग शिविरों, पार्कों और सामुदायिक स्थलों पर वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व सैनिकों तथा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के सदस्यों के लिए व्यापक स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश भी दिए। मां शक्ति मिशन के अंतर्गत एएनसी पंजीकरण एवं उच्च जोखिम गर्भावस्था प्रबंधन के लिए आशा डैशबोर्ड को क्रियाशील किया गया है। उपायुक्त ने निवारक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरोगी रोहतक के तहत लक्षित स्क्रीनिंग शीघ्र पूर्ण करने तथा चिन्हित गैर-संचारी रोग (एनसीडी) मरीजों को उपचार एवं फॉलो-अप से शीघ्र जोड़ने के निर्देश दिए।

### बैठक में ये रहे शामिल

*बैठक में सिविल सर्जन डॉ.रमेश चन्द्र, डॉ. दिनेश गर्ग, डॉ. विकास, डॉ. प्रीतेव सिंह, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. सुशील गोदारा, डॉ. सुशीला गोदारा, डॉ. विनीता, डॉ. डिम्पल, डॉ. शिवम, डॉ. श्रेया व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी तनुमय दत्ता, जिला परिवार कल्याण शिक्षा अधिकारी सुरेश भारद्वाज, जयंत सांगवान सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।*

टीबी मुक्त अभियान के तहत जांच एवं उपचार को और सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया। स्वास्थ्य वाहिनी मोबाइल डायग्नोस्टिक वैन के माध्यम से स्तन कैंसर स्क्रीनिंग को व्यापक स्तर पर बढ़ाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य मार्च 2026 तक पूरा जिला को कवर करना है, साथ ही चिन्हित मरीजों के लिए उपचार सहायता भी सुनिश्चित की जा रही है।

# अपराध पर अंकुश के लिए कॉम्बिंग एवं सर्चिंग अभियान, संदिग्ध स्थानों पर की गहन जांच

## पुलिस की लोगों से अपील-संदिग्धों की जानकारी करें साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा कॉम्बिंग एवं सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशों के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस चौकियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान शुरू किया है।

### झुग्गियों में विशेष जांच

अभियान के तहत जिला पुलिस की टीमों ने झुग्गी-झोपड़ी, अस्थायी बस्तियों और संदिग्ध स्थानों पर गहनता से जांच की। पुलिस द्वारा इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की पहचान की पुष्टि की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

### अपराधियों पर नजर

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभियान के दौरान आदतन अपराधियों और दुष्चरित्र व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। ऐसे लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ-साथ उनके पुराने रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।





### अलग-अलग टीमों को विभिन्न इलाकों में किया तैनात

सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा अपने अधिकृत इलाकों में रहने वाले लोगों के पहचान पत्रों की जांच की गई। अजनबी और बाहरी व्यक्तियों के पर्चे काटकर संबंधित थानों से उनकी तस्दीक करवाई जा रही है। इस प्रक्रिया के जरिए पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि जिले में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति बिना पहचान के न रह सके। रोहतक पुलिस द्वारा यह कॉम्बिंग और सर्चिंग अभियान सुबह और सायं दोनों समय चलाया जा रहा है। अलग-अलग टीमों को विभिन्न इलाकों में तैनात किया गया है, जो लगातार गश्त कर रही हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से भी इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति को अपने आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देती है, तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस चौकी में दें। पुलिस ने मकान मालिकों से विशेष अपील की है कि जिन लोगों ने अपना मकान किराए पर दे रखा है या घरेलू नौकर रखे हुए हैं, वे उनका सत्यापन अवश्य कराएं। इसके लिए लोग ऑनलाइन माध्यम से या अपने नजदीकी थाना, चौकी अथवा मित्र कक्ष में जाकर सत्यापन करा सकते हैं।

### संदिग्ध वस्तु और वाहन की सूचना डायल 112 पर दें

पुलिस ने कहा है कि यदि किसी को कहीं पर कोई संदिग्ध वस्तु या लावारिस वाहन दिखाई देता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इसके लिए डायल 112 पर भी संपर्क किया जा सकता है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाएगी, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा बनी रहे। इसके साथ ही जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्रों में सर्चिंग और कॉम्बिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और उनकी पहचान से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को अपने आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि, वस्तु या लावारिस वाहन दिखाई देता है, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी थाना, चौकी या डायल 112 पर दें।

### गणतंत्र दिवस को लेकर रोहतक में विशेष चेकिंग अभियान

- बिना आईडी के कमरा देने पर होगी कार्रवाई

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर रोहतक जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत रोहतक पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जिले के विभिन्न इलाकों में स्थित होटल, ढाबों, धर्मशालाओं और अन्य ठहरने वाले स्थानों पर गहनता से जांच की। जिला पुलिस की टीमें आज दिनभर अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय रहीं। अभियान के दौरान होटलों और धर्मशालाओं में ठहरे हुए लोगों की पहचान की जांच की गई। पुलिस ने वहां मौजूद रजिस्टर, आईडी रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों को खंगाला। पुलिस अधिकारियों ने होटल, ढाबा और धर्मशाला संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे बिना पहचान पत्र (आधार कार्ड या अन्य वैध आईडी) की फोटोकॉपी लिए किसी भी व्यक्ति को ठहरने के लिए कमरा न दें। साथ ही सभी आने-जाने वाले लोगों का पूरा नाम, पता और मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी होटल या धर्मशाला के रिकॉर्ड में कोई कमी पाई गई या बिना आईडी के किसी व्यक्ति को ठहराया गया, तो संबंधित संचालक के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। रोहतक पुलिस द्वारा आगे भी इस तरह के चैकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे। गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। होटल, ढाबों और सार्वजनिक स्थानों पर रुकने वाले बाहरी लोगों की पृष्ठभूमि की भी जांच की जा रही है।

#### सूचना देने वाले की पहचान रहेगी गुप्त

पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और सूचना मिलते ही तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### क्रिकेट क्लब ने धर्मपाल अकादमी को दी मात

**रोहतक।** वीटीआई क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए थर्ड विंटर कप 2026 के लीग मुकाबले में गोयल क्रिकेट क्लब ने कड़े मुकाबले में मास्टर धर्मपाल क्रिकेट अकादमी को 12 रन से पराजित कर जीत दर्ज की। यह मुकाबला कम स्कोर का रहा। लेकिन अंत तक रोमांच बना रहा। टॉस जीतकर क्लब ने पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया। निर्धारित 40 ओवरों में क्लब की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 140 रन ही बना सकी। टीम की पारी की रीढ़ संकल्प रहे। इन्होंने बेहद संयम और समझदारी के साथ बल्लेबाजी करते हुए 88 गेंद पर 67 रन बनाए। इनकी पारी में 9 चौके शामिल थे।

### कुरुक्षेत्र में होगा पेंशनर्स फैडरेशन का सम्मेलन

**रोहतक।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला की बैठक कर्मचारी भवन (सुखपुरा चौक) में राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक को सम्बोधित करते प्रधान वजीर सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार 8वें वेतन आयोग की अधिसूचना में कार्यरत कर्मचारियों के साथ 2 पेंशनरज को भी दायरे में लिया जाए। अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फैडरेशन का दूसरा अखिल भारतीय सम्मेलन 22, 23 फरवरी को होगा।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किडनी व ब्लड कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम

- फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम के डॉक्टरों ने पुलिस जवानों को किया जागरूक
- उच्च हीमोग्लोबिन, किडनी रोग के लक्षण और बचाव पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया।

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में किडनी की बीमारी, उच्च हीमोग्लोबिन और ब्लड कैंसर को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को गंभीर बीमारियों के लक्षण, कारण और बचाव के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने पुलिस जवानों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. राहुल भार्गव (प्रिंसिपल डायरेक्टर व चीफ, हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बीएमटी) और डॉ. सलिल जैन (सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी, नेफ्रोलॉजी व रीनल ट्रांसप्लांट) ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक रवि खुंडिया भी मौजूद रहे। आयोजन पुलिस अस्पताल और फार्मासिस्ट हरेंद्र सिंह व उनकी टीम के सहयोग से किया गया।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह

डॉक्टरों ने पुलिस कर्मियों को अधिक पानी पीने, संतुलित आहार लेने, बीपी व शुगर को नियंत्रण में रखने और नियमित नींद लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में पुलिस जवानों ने विशेषज्ञों से सवाल-जवाब कर स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं का समाधान किया।

## खबर संक्षेप

### निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करें छात्राएं : मलिक



**रोहतक।** पीएम श्री राजकीय कवमावि मॉडल टाउन में चल रहे एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एवं स्वयंसेवकों को शिविर के दौरान सीखे गए व्यवहार को भविष्य में भी अपनाए व आने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। विशिष्ठ अतिथी डीपीसी रोहतक सुमन हुड्डा, डिप्टी डीईओ रोहतक सुनीता चहल व डिप्टी डीईओ रोहतक सरिता खनगवाल मौजूद रही। खण्ड शिक्षा अधिकारी जय भगवान ने स्वयंसेवकों को निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने व एन एस एस के इन नियमों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ की और एनएनएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीलम ने अतिथियों का स्वागत किया। राज्य स्तरीय कैम्प में भाग लेने वाले व कैम्प के दौरान बेस्ट रहने वाले स्वयं सेवकों को सम्मानित किया। प्राचार्य कुमारी मीता ने सभी का धन्यवाद किया।

### छात्राओं की रचनात्मक प्रतिबद्धता की सराहना

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं ललित कला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कुल 57 छात्राएं भाग ले रही हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने भी छात्राओं की सक्रिय भागीदारी और रचनात्मक प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने दृश्य अभिव्यक्ति के क्षेत्र में छात्राओं की गहरी रुचि की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की कौशल-आधारित एवं रचनात्मक गतिविधियां छात्राओं में कलात्मक संवेदनशीलता, आत्मविश्वास और आलोचनात्मक दृष्टि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यशाला के अंतर्गत छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के वातावरण पर आधारित खींची गई तस्वीरों की एक प्रदर्शनी 19 जनवरी को महाविद्यालय की प्रदर्शनी दीर्घा में आयोजित की जाएगी।

### सॉफ्ट स्किल्स के महत्व के बारे में बताया


**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय और महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से लाइफ स्किल्स एंड एनहांसमेंट ऑफ एम्प्लॉयमेंट स्किल्स विषय पर छह दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। 15 जनवरी से 21 जनवरी तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक कॉर्पोरेट जगत की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। पहले दिन मुख्य वक्ता डॉ. रविंद्र पॉल ने प्रभावी संचार, व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि आज के प्रतियोगी युग में किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक कौशल और आत्मविश्वास का होना अनिवार्य है। प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होती हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में कालेज की लगभग 50-60 छात्राओं ने पंजीकरण कराया है।

### स्वयं को निरंतर अपडेट रखने के लिए किया प्रेरित

**रोहतक।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में नेक्स्ट-जेन रेवेन्यू मैनेजमेंट एवं हॉस्पिटैलिटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुप्रयोग विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन हुआ। डॉ. रचना भारती ने वेलनेस विषय पर प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि प्राचार्य शंभूनाथ गौतम ने एआई, वैलिडेशन एवं हॉस्पिटैलिटी शिक्षा में इसके व्यावहारिक उपयोग पर एक महत्वपूर्ण सत्र लिया। समापन अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन शेफ अजय सूद एवं शेफ जय कुमार भसीन की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। दोनों विशिष्ट अतिथियों ने प्रतिभागियों से संवाद कर उन्हें उद्योग की नवीन तकनीको के अनुरूप स्वयं को निरंतर अपडेट रखने के लिए प्रेरित किया।

### रोहतक की मनीषा ने कार्ला गोडिनेज को 6-0 से हराया

**रोहतक।** प्रो रेसलिंग लीग में रोहतक की मनीषा ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें मनीषा ने महाराष्ट्र केसरी की ओर से खेलते दिल्ली दंगल वॉरियर्स की पहलवान कार्ला गोडिनेज को 6-0 से हराया। प्रतियोगिता नोएडा में आयोजित की जा रही है। मनीषा को महाराष्ट्र ने 25 लाख रुपये में खरीदा था। मनीषा जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। कोच ने विजेता पहलवान को बधाई दी। मनीषा जिले के सनसिटी की निवासी है। जुलाई 2025 में हुई चौथी रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता। मार्च में हुई एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। 2016 साउथ एशियन में स्वर्ण पदक, 2017 कॉमनवेल्थ गेम में कांस्य, 2022 वर्ल्ड रैंकिंग में स्वर्ण और 2023 वर्ल्ड रैंकिंग में कांस्य पदक जीता था।



**रोहतक।** शुगर मिल की मैनेजिंग डायरेक्टर श्वेता सुहाग एचसीएस का स्वागत करते किसान, पूर्व जिला अध्यक्ष रोहतक एवं भाजपा नेता रमेश भाटिया, कलानौर वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि कालू आनंद। फोटो : हरिभूमि

# शुगर मिल प्रबंधन के कार्यों की सराहना की

- मिल के बेहतर संचालन और पारदर्शिता को लेकर मैनेजिंग डायरेक्टर का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुगर मिल भाली आनंदपुर परिसर में किसानों ने एकत्र होकर शुगर मिल की मैनेजिंग डायरेक्टर श्वेता सुहाग एचसीएस का धन्यवाद किया। इस दौरान किसानों ने मिल के कुशल संचालन और किसानों के हित में लिए गए फैसलों की खुले मंच से सराहना की। किसानों ने बताया कि वर्तमान प्रबंधन के कार्यकाल में मिल संचालन का ठेका पहले की तुलना में काफी कम दर पर दिया गया है। जहां पूर्व में यह ठेका लगभग 10 करोड़ रुपये में दिया जाता था, वहीं वर्तमान में इसे मात्र 4.80 करोड़ रुपये में दिया गया है। इससे मिल को बड़ा आर्थिक लाभ हुआ है और सरकारी धन की उल्लेखनीय बचत सुनिश्चित हुई है।

किसानों ने बताया कि इस वर्ष शुगर मिल द्वारा लगभग 9 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई की गई, साथ ही 2.55 करोड़ रुपये की विद्युत ऊर्जा का उत्पादन किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब डेढ़ करोड़ रुपये अधिक है। इसके अलावा मिल में 55 हजार क्विंटल चीनी का उत्पादन भी किया गया। भविष्य में भी इसी तरह पारदर्शी व जनहितकारी कार्य की उम्मीद जताई।

### आभार जताया

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोहतक एवं भाजपा नेता रमेश भाटिया, कलानौर वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि कालू आनंद, पार्षद सत्यवान सहित अनेक किसानों ने मैनेजिंग डायरेक्टर का आभार जताया।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का उल्लेख

- तेजराम आश्रम मंदिर के सहयोग से भागवत कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जनता कॉलोनी स्थित तेजराम आश्रम मंदिर के सहयोग से आयोजित भागवत कथा के दौरान कथा वाचक सुनील वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्ति और मित्रता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की लीलाओं को जितनी बार सुना जाए, उतनी ही कम हैं, क्योंकि हर बार उनमें भगवान की नई झलक देखने को मिलती है। कथा के दौरान माता यशोदा का पुत्र प्रेम, माता देवकी-वसुदेव को साक्षात दर्शन, पूतना वध, माखन चोरी, गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र का मान भंग करना जैसी लीलाओं का सुंदर वर्णन किया गया। विशेष रूप से सुदामा चरित्र का भावपूर्ण प्रसंग सुनाते सुनील वशिष्ठ ने कहा कि भगवान कृष्ण ने निष्काम मित्रता का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो संसार में दुर्लभ है। बिना मांगे ही सुदामा को दो लोकों का स्वामी बनाना और उनकी झोपड़ी को राजमहल में बदल देना सच्ची भक्ति और मित्रता का प्रतीक है। इस अवसर पर भगवान कृष्ण और सुदामा की आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गई। शुक्रवार को डॉ. गोपाल कृष्ण, नीरज वत्स, कथा वाचक अनिल दास, गौशाला प्रधान नरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति पहुंचे और व्यास पीठ की पूजा कर सुनील वशिष्ठ का सम्मान किया। वृंदावन से आए विद्वान ब्राह्मणों व कथा सहयोगियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कथा के समापन पर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### जगबीर सिंह को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया

**रोहतक।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद्, नई दिल्ली द्वारा हरियाणा प्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया एवं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष चित्र कुमार सांभरवाल की स्वीकृति से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय और समर्पित भूमिका निभा रहे, जगबीर सिंह निवासी किलोई को जिला अध्यक्ष रोहतक के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति परिषद् की राष्ट्रीय कोर कमेटी एवं हरियाणा कोर कमेटी की सर्वसम्मति से की गई। नियुक्ति के अवसर पर जगबीर सिंह ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, संरक्षक जुएल जी उरांव, संरक्षक थावर सिंह गहलोत, प्रवीण मांगरिया, विनोद भूषण दहिया तथा प्रदेश अध्यक्ष चित्र कुमार सांभरवाल, गुलाब सिंह का आभार व्यक्त किया।

### जिला शिक्षा विभाग में पदोन्नतियां

**रोहतक।** जिला शिक्षा विभाग में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण पदोन्नतियों एवं कार्यभार ग्रहण को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक औपचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खंडों में कार्यरत शिक्षा अधिकारियों ने पदोन्नति के उपरांत अपने-अपने नवीन दायित्वों का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी सांपला सुमन हुड्डा तथा खंड शिक्षा अधिकारी कलानौर सुनीता चहल ने उप-जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला। वहीं जिला कैथल में खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे नरेश कुमार ने भी उप-जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में जिला शिक्षा विभाग रोहतक में अपना कार्यभार ग्रहण किया।

#### डीपीसी और उप-जिला शिक्षा अधिकारियों की नियुक्ति

कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि सुमन हुड्डा को जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से जिले में विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं सुनीता चहल एवं नरेश कुमार ने उप-जिला शिक्षा अधिकारी (डिप्टी डीईओ) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

### क्रिकेट प्रतियोगिताः महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय फाइनल में पहुंचा

- एमडीयू की गुलशन ने चार विकेट झटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। एमडीयू ने सेमीफाइनल मुकाबले में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला को 5 विकेट से हराया। खेल परिसर में खेले गए इन सेमीफाइनल मुकाबलों के दौरान विश्वविद्यालय के पूर्व खेल निदेशक डॉ. कपूर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पहले सेमीफाइनल में एमडीयू रोहतक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की टीम 19.3 ओवर में 93 रन पर सिमट गई। एमडीयू की ओर से गुलशन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 15 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि वंशिका ने 2 विकेट प्राप्त किए।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

## गवर्नमेंट आईटीआई महम में छात्र-छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार

# सूर्य नमस्कार संपूर्ण व्यायाम, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए कारगर : सिवाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग द्वारा लोगों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा है। यह अभियान 12 जनवरी से शुरू किया गया था, जो 12 फरवरी तक चलेगा। लोगों को ट्रेनिंग देने के लिए आयुष विभाग के योग स्पेशल, योग सहायक और योग प्रशिक्षक लगे हुए हैं। डॉ. सुमन सहरावत को जिला में योग का नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। महम क्षेत्र में भी रोजाना किसी न किसी सरकारी विभाग में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा है। शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में आयुष विभाग द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में योग सहायक



**महम।** सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते गवर्नमेंट आईटीआई महम के विद्यार्थी।

विकास सिवाच ने छात्र छात्राओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के फायदे भी बताए। योग प्रशिक्षक विकास सिवाच ने विद्यार्थियों को बताया कि सूर्य नमस्कार एक संपूर्ण व्यायाम है। सूर्य नमस्कार न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। शरीर को स्वस्थ रखने के साथ साथ यह व्यायाम शरीर को लचीला बनाता है। यह शरीर को मजबूत बनाता है। सूर्य नमस्कार से पाचन में सुधार होता है। तनाव कम होता और यह रक्त संचार को बढ़ाता है।

### मानसिक एकाग्रता बढ़ेगी

इससे मानसिक एकाग्रता में बढोतरी होती है। शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है। शरीर डिटोक्स होता है। सूर्य नमस्कार मासिक धर्म को नियमित करने में भी मदद करता है। रक्त संचार बेहतर होने से त्वचा और बालों के स्वास्थ्य में सुधार होता है। इस व्यायाम को करने से व्यक्ति नकारात्मक विचारों से दूर रहता है। यह तनाव और चिंता को कम करता है। यह कब्ज को दूर करता है। हृदय और फेफड़ों के लिए फायदेमंद है। यह व्यायाम वजन घटाने में सहायक है। सूर्य नमस्कार 12 आसनों का एक क्रम है जो शरीर, मन और श्वास को जोड़ता है, जिससे यह समग्र स्वास्थ्य के लिए एक शक्तिशाली अभ्यास बन जाता है।

मार्केट न्यूज

### पी.पी. ज्वेलर्स, रोहतक में सोने चांदी के गहनों पर नये डिजाइनों पर खास ऑफर




**रोहतक।** पीपी ज्वेलर्स रेलवे रोहतक ने अपने शो-रूम में सोने चांदी के गहनों की खरीददारी पर ग्राहकों को खास ऑफर्स दिया जा रहा है। शादी की तैयारियों में जुटे परिवार इस पर दिलचस्पी दिखा रहे हैं। नया गोल्ड और सिल्वर कलेक्शन लॉन्च कर दिया है। नई रेंज ग्राहकों को आकर्षित करती है ट्रेडिशनल से लेकर मॉडर्न डिज़ाइनों तक, हर तरह की पसंद के लिए यहाँ काफी खूबसूरत विकल्प उपलब्ध हैं। सबसे बड़ी खासियत यह है कि वर्तमान में गोल्ड ज्वेलरी पर सिर्फ 5% मेकिंग चार्जेस रखे गए हैं, जिससे ग्राहकों के बजट में शानदार डिज़ाइनों की खरीदारी और भी आसान हो गई है। बढ़ती हुई मार्केट कीमतों को देखते हुए सिल्वर ज्वेलरी खरीदना इस समय सबसे फायदेमंद माना जा रहा है, क्योंकि सिल्वर के रेट लगातार ऊपर जा रहे हैं। पी.पी. ज्वेलर्स में नई सिल्वर रेंज भी उपलब्ध है, जिसे लेकर खरीदारों में काफी रुचि देखी जा रही है हर रोज के लिए हल्के गहने हों या शादी-विवाह के लिए प्रीमियम पीसेज़। पी.पी. ज्वेलर्स गुणवत्ता, डिज़ाइन और भरोसे के मामले में ग्राहकों की पहली पसंद बना हुआ है।


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
INDIA REPUBLIC DAY SALE
17 JAN - 1 FEB
On Shopping Of ₹4999 & Above FREE SANTOOR 675ML T&C APPLY
On Shopping Of ₹2999& Above 1KG ₹1 T&C APPLY
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT
MCCAIN 1.2KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850GM BUY 1 GET 1 FREE
DEL MONTE MAYONNAISE 700GM MRP- 178 ₹89
MACHA TEA SELECTED VARIENT UPTO 33% OFF ON MRP
RAJDHANI BESAN 1KG ₹89
AMUL BUTTER 500GM OUR PRICE ₹268
MR FREEZE /PAGRO GREEN PEAS 500GM ₹59
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 FREE
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA(500G) BUY 1 GET 1 FREE
Fortune atta ( 10 kg ) ₹409
COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR ₹69
BISLERI COLA / JEERA / POP / LIMONATA 600ML BUY 1 GET 2 FREE
MAGGI 560GM ₹106
TATA TEA PREMIUM 1 KG ₹329
DAAWAT ROZANA BASMATI GOLD RICE 5KG ₹399
24 MANTRA ATTA 5KG BUY 1 GET 1 FREE
BISLERI SODA 750ML / WATER 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
REAL JUICE 1 L 20% OFF ON MRP
XCITE NOODLES ( 330 g) BUY 1 GET 1 FREE
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml) BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT MAKHANA \ TOOR DAL BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI NARIYAL BISCUITS 204GM AND ATTA NOODLES BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI COW'S GHEE 900ML ₹670
PREET LITE GHEE 1L ₹309
VITA GHEE 1LTR ₹649
PRABHAS GHEE (1 LTR) BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR ₹172
PATANJALI MUSTARD OIL 1 L ₹175
74 का दम
CHANA DAAL 1KG ₹74
KALA CHANA 1KG ₹74
SAFED CHANA 1KG ₹74
MALKA LAL DAAL 1KG ₹74
CLASSIC RICE 1KG ₹74
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
UPCOMING BRANCHES Ghaziabad Mohali Bhiwani Pinjore Sirsa
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
SODEXO PAYMENT IS ACCEPTED AT SELECTED STORES – WITH NO EXTRA CHARGES.
NOW PAY USING sodexo
Offers and prices may vary from branch to branch. PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.